कॉर्पोरेट और आर्थिक प्रोफ़ाइल

"यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में,असाधारण ग्राहक अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता हमारे ग्राहकों की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किए गए नवीन दृष्टिकोण और मजबूत प्रणालियों के माध्यम से प्रदर्शित होती है.

बैंक के बारे में

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया भारत का एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है, जो 100% कोर बैंकिंग समाधान के कार्यान्वयन में अग्रणी है. बैंक ने तकनीकी प्रगति, डिजिटल बैंकिंग, वित्तीय समावेशन, एमएसएमई सहायता और मानव संसाधन विकास के लिए कई पुरस्कार अर्जित किए हैं. भारतीय शेयर बाजार में सूचीबद्ध भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक के रूप में, भारत सरकार महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखते हुए बैंक की कुल शेयर पूंजी का 74.76% धारित करती है. वर्ष 1919 में स्थापित, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का अपने हितधारकों की सेवा करने का एक समृद्ध इतिहास है.

वित्तीय वर्ष 2024 की मुख्य विशेषताएं

75,866
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या

₹1,12,990 करोड़
कमजोर वर्गों को वित्तपोषण, जो एएनबीसी का 14.25% है

₹9,04,844 करोड़
बैंक द्वारा दिया गया कुल वैश्विक सकल अग्रिम

3,48,157
प्रशिक्षित उम्मीदवारों की संख्या, जिनका सेटलमेंट अनुपात 73%

₹1,29,304 करोड़
वित्तीय वर्ष 2024 में महिला उद्यमियों को दिए जाने वाले ऋण में 22%की वृद्धि हुई

₹44,734 करोड़
अल्पसंख्यक समुदायों का बकाया ऋण, जो प्राथमिकता क्षेत्र के अग्रिमों का 13.17% है

₹12,21,528 करोड़
बैंक द्वारा धारित कुल वैश्विक जमाराशि

हमारी उत्पत्ति

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना 11 नवंबर, 1919 को हुई, इसका मुख्यालय मुंबई में है. इसकी स्थापना सेठ सीताराम पोद्दार ने की थी और मुंबई में इसके मुख्यालय का उद्घाटन महात्मा गांधी ने 1921 में किया था. उद्घाटन के दौरान गांधी जी के अंतर्दृष्टिपूर्ण शब्दों ने बैंक के विकास और सफलता की भविष्यवाणी की थी.

हमारे पास अपनी राष्ट्रीय गतिविधियों के दौरान करोड़ो रुपये का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने के लिए एक बड़े बैंक के संचालन की क्षमता होनी चाहिए. यद्यपि हमारे बीच अनेक बैंक नहीं है, इसका मतलब यह नहीं है कि हम करोड़ो और अरबों रुपए का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने में सक्षम नहीं है.

- महात्मा गांधी (1921)

वैविध्यपूर्ण आवश्यकताओं हेतु व्यापक बैंकिंग सेवाएँ

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया विविध ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई बैंकिंग सेवाओं की एक व्यापक शृंखला प्रदान करने में गर्व महसूस करता है. हमारे खाता विकल्पों में बचत और चालू खाते, सावधि और आवर्ती जमा, तथा डीमैट एवं ऑनलाइन ट्रेडिंग खाते शामिल हैं. खुदरा ऋणों में, हम आवास ऋण, वाहन ऋण, शिक्षा ऋण, व्यक्तिगत ऋण और संपत्ति के प्रति ऋण प्रदान करते हैं. विभिन्न क्षेत्रों की अनूठी आवश्यकताओं को समझते हुए, हम पेंशनभोगियों और एमएसएमई को वित्तीय सहायता सुनिश्चित करते हुए उनके लिए अनुरूप उत्पाद एवं ऋण प्रदान करते हैं, जहां इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है.

हमारी निवेश और बीमा सेवाओं में म्यूचुअल फंड और जीवन, गैर-जीवन, स्वास्थ्य और सामान्य बीमा सहित विभिन्न बीमा उत्पाद सम्मिलित हैं. हम ग्राहकों को अपने वित्त के प्रभावी आयोजन में मदद करने के लिए कर-बचत जमा, सरकारी बचत योजनाएँ और पेंशन उत्पाद भी प्रदान करते हैं. हमारा बैंक कर संग्रह सेवाओं की सुविधा देता है और विभागीकृत मंत्रालयों के लिए खातों का प्रबंधन करता है.

> यूनियन बैंक ऑफ इंडिया नवाचार के मामले में अग्रणी है,ग्राहकों की संतुष्टि बढ़ाने के लिए निरंतर उन्नत प्रौद्योगिकी में निवेश कर रहा है और यह सुनिश्चित कर रहा है कि डिजिटल परिवर्तन हमारे परिचालन का मूल आधार हो

हम कृषि, लघु उद्योग और तृतीयक क्षेत्रों के लिए कई तरह की अल्पकालिक और दीर्घकालिक ऋण सुविधाएँ प्रदान करते हैं. सुविधा और सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सुरक्षित जमा लॉकर और चेक संग्रह सेवाओं के हमारे प्रावधान में परिलक्षित होती है. कॉर्पोरेट क्षेत्र में, यूनियन बैंक व्यापार वित्त, कार्यशील पूंजी, ऋण सुविधा, परियोजना वित्तपोषण और चैनल वित्त प्रदान करता है. हम ऋण संरचना/पुनर्गठन, ऋण समूहन, संरचित वित्त, विलय तथा अधिग्रहण परामर्श एवं निजी इक्विटी सेवाओं में सहायता करते हैं. हमारे कॉर्पोरेट ग्राहक नकद प्रबंधन समाधान, ईसीजीसी कवर, विदेशी मुद्रा सेवाओं और डेरिवेटिव से भी लाभान्वित होते हैं. निर्यात और आयात वित्त सेवाओं के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए हमारा व्यापक समर्थन कॉर्पोरेट ग्राहकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है.

हम मजबूत ट्रेजरी एवं धन-प्रेषण सेवा पोर्टफोलियो के साथ एनआरआई ग्राहकों को सेवाएँ प्रदान करते हैं. डिजिटल युग को अपनाते हुए, हम ऐप, इंटरनेट, सेल्फ-सर्विस, एटीएम और एसएमएस बैंकिंग की सुविधा देते हैं. हमारी सेवाओं में पॉइंट-ऑफ़-सेल टर्मिनल और तत्काल भुगतान सेवाएँ शामिल हैं, जो निर्बाध बैंकिंग अनुभव सुनिश्चित करती हैं. हम कॉम्बो, डेबिट, क्रेडिट, गिफ्ट, प्रीपेड और पेरोल कार्ड सहित विभिन्न कार्ड विकल्प भी प्रदान करते हैं, जो विभिन्न प्राथमिकताओं एवं ज़रूरतों को पूरा करते हैं.

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया कृषि, एमएसएमई, शिक्षा, आवास और सामाजिक बुनियादी ढांचे सहित प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण प्रदान करने हेतु वैधानिक लक्ष्यों को पार करने के लिए प्रतिबद्ध है. कृषि ऋण, नवीकरणीय ऊर्जा वित्तपोषण और वित्तीय समावेशन पहलों के माध्यम से सामाजिक उत्थान में हमारे प्रयास आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं. हम संवहनीय विकास एवं हरित वित्तपोषण पर ध्यान केंद्रित हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और आत्मनिर्भर भारत जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं का समर्थन करते हैं.